आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 86,000 रु./प्रति किलो |



# आज मैं आगे, जमाना है पीछे...

## डीपीएस की प्रखर 99.2 फीसदी मार्क्स प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेधा शक्ति का असाधारण प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ कक्षा बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में उल्लेखनीय परिणाम हासिल किया है। प्रखर अदुकिया कॉमर्स स्ट्रीम में टॉपर बनी है।

बेस्ट फाइव सब्जेक्ट्स में 99.2 प्रतिशत स्कोर हासिल करके इतिहास रच दिया है। पीयूष प्रताप सिंह ने साइंस स्ट्रीम में 98.4 प्रतिशत प्राप्त किया। श्वेता कुमारी 98.4 प्रतिशत के साथ ह्यूमैनिटीज की टॉपर रही। बता दें कि विद्यालय से 728 विद्यार्थियों में से 112 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किया। 351 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया। 526 छात्रों ने 85 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किया। इसी के साथ 22 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की।




# सीबीएसइ 12वीं बोर्ड के रिजल्ट में गोल के छात्रों ने दिखाया दम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** सीबीएसइ बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षाफल में गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने बेहतर परिणाम अर्जित किया है। इस परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया श्री ने कहा कि 10वीं पास करने के बाद असमंजस में थी कि आगे की तैयारी के लिए किस इंस्टीट्यूट में जाये, लेकिन गोल इंस्टीट्यूट से तैयारी करने का निर्णय लिया। खुशी है कि इंस्टीट्यूट से तैयारी कर बोर्ड और कांपटीशिन दोनों में बहुप्रतिक्षित सफलता पायी। गोल एजुकेशन विलेज से तैयारी कर रही श्रेया श्री ने बताया कि बोर्ड में अच्छे मॉर्क्स के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 642 मार्क्स आने की संभावना है। उम्मीद है कि पहले प्रयास में ही टॉप मेडिकल कॉलेजों में से एक में दाखिला मिलेगा। 95.6 प्रतिशत स्कोर करने वाली गोल इंस्टीट्यूट की जीया कुमारी बताती है कि गोल इंस्टीट्यूट के सहयोग से हमने बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ-साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी पहले प्रयास में ही 630 मार्क्स आने की उम्मीद है। इसके








अलावा गोल के अनुष्का सिंह 94.6, महविश एहसान 94.4, ऋषिकेश रंजन 94.4, नंदनी राज सिंह 93.2, उन्नति कुमारी 92, नब्या नंदनी 91.8, दिशा भारती 91.2, हेम शंकर 91.2, आयुष कुमार 91.2, अश्विन आर्य 91, आयुष कुमार 90.6, स्नेहा कुमारी 90.2 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किया। सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर सह मैनेजिंग डॉयरेक्टर विपीन सिंह के खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता छात्रों का मेहनत और समस्त गोल टीम की सफलता है। आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष हमारे छात्र बोर्ड में अच्छे स्कोर के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी सफलता के परचम लहराकर यह सिद्ध करेंगे कि गोल इंस्टीट्यूट पूर्वी भारत का नंबर 1 इंस्टीट्यूट है। असिस्टेट डॉयरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि 100 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। संस्थान के आनंद वत्स ने कहा कि 10वीं पास छात्रों के लिए फाउंडेशन कोर्स और 12वीं पास छात्रों के लिए टारगेट कोर्स के माध्यम से मेडिकल-इंजीनियरिंग की तैयारी करवायेगी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के 10वीं के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## शिवांश 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा 2024 में शिवांश जोशी ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। द्वितीय स्थान पर रोहिणी राज 97.8, श्रेया वान्या ने 97.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रियम प्रभव ने 97 फीसदी अंक प्राप्त किया। 103 छात्रों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। सात छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 अंक प्राप्त किये और 655 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

## पलक केशरी 12वीं की स्कूल टॉपर



**रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने 12वीं में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पलक केशरी 97.2 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की साइंस टॉपर बनी। साइंस की ही भूमि केशरी 97 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रही। कॉमर्स में विधि भालोटिया ने 96.8, अवनी चैधरी ने कॉमर्स स्ट्रीम में 95.8, मानविकी संकाय में प्रतिष्ठा गुप्ता ने 95, तुहिना मुखर्जी ने मानविकी संकाय में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।**

# सेंट्रल एकेडमी की सुलग्ना को 97.80 फीसदी मार्क्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल एकेडमी ने सीबीएसइ रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल की छात्रा सुलग्ना बासक को 97.80 फीसदी अंक आया है। वहीं करमाया सिंह को 95.40 प्रतिशत आदित्य कुमार को 94.40 प्रतिशत अंक मिला है। प्राचार्य सुदापा भट्टाचार्य ने रिजल्ट पर हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि इतना बेहतर परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का नतीजा है।

# 12वीं में स्वस्तिका और विशाखा बनीं ऑक्सफोर्ड की टॉपर

**विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने बधाई दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ 12वीं की बोर्ड परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में स्वस्तिका और विशाखा ने बारहवीं के कला संकाय में संयुक्त रूप से सर्वाधिक 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया।

बारहवीं में कला संकाय के स्वस्तिका को अंग्रेजी में 97, इतिहास में 96, राजनीति विज्ञान में 99, अर्थशास्त्र में 95, पेंटिंग में 99, शारीरिक शिक्षा में 96 अंक प्राप्त किया। वहीं कला संकाय के ही विशाखा ने अंग्रेजी में 96, इतिहास में 97, राजनीति विज्ञान में 100, अर्थशास्त्र में 96 और शारीरिक शिक्षा में 96 अंक प्राप्त किया। बारहवीं में वाणिज्य संकाय में कमलेश कुमार महतो ने 95 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 92, एकाउंटेंसी में 96, बीएसटी में 96, अर्थशास्त्र में 95, शारीरिक शिक्षा में 96 अंक प्राप्त किया। बारहवीं विज्ञान में पीयुष कुमार ने सर्वाधिक 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 95, गणित में 95, भौतिकी में 95, रसायन शास्त्र में 93, शारीरिक शिक्षा में 99 अंक प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के जीवविज्ञान के आदित्य कुमार ने 95.2 फीसदी अंक प्राप्त किया। अलग-अलग विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में फाइन आर्ट्स में पांच, शारीरिक शिक्षा में एक, राजनीतिक विज्ञान में एक और रसायन विज्ञान में दो विद्यार्थी शामिल हैं। इसके साथ ही वाणिज्य संकाय में ओजस कुमार को 94.4 प्रतिशत, शिवम गुप्ता को 93.4 प्रतिशत, सुजल कुमार सिंह को 93.4 और पुनीत महतो को 92.6 फीसदी अंक प्राप्त हुआ। कला संकाय में पल्लवी शर्मा को 96.4, साहा सिन्हा को 96.2, पल्लवी कुमारी को 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विज्ञान संकाय गणित में आनंद किशोर और लवीश जुनैजा को 94.8 प्रतिशत अंक आया है। दीपक को 94.6 प्रतिशत मार्क्स मिले हैं। विज्ञान संकाय जीव विज्ञान में दीक्षा सिंह को 95, सांझी कुमारी को 92.4, निशी कुमारी को 90.4 और प्रिया कुमारी यादव 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। 12वीं की परीक्षा में कुल 518 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थियों को 90 और उससे अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामना दी।




# शारदा ग्लोबल स्कूल के 12वीं के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा सत्र 2023-24 में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने अपनी लगन एवं अथक परिश्रम से शानदार परीक्षा परिणाम देकर अपनी एवं विद्यालय की उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। 12वीं में अभ्यांशु जायसवाल 95.60 प्रतिशत, शरण्या अग्रवाल 94.40 प्रतिशत, शुभाशीष हेंब्रम 94.20 प्रतिशत अंक लाया है। विद्यालय मैनेजमेंट छात्रों की इस अभूतपूर्व सफलता पर हर्षित है। उन्होंने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके जीवन में संभावना के नये द्वार खोलती है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह छात्रों के अनवरत प्रयास एवं परिश्रम का ही परिणाम है। प्राचार्या जसमीत कौर ने कहा कि मुझे अपने छात्रों पर गर्व है जिन्होंने अपने परिणाम से विद्यालय को शिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी होने का अवसर प्रदान किया। चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।





## विकास पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत




**रांची (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ में विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ पास किया। विकास कुमार 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अमरजीत कुमार 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान और रविशंकर पूर्ति 89.4 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक संजय कुमार, प्रधानाचार्या अंशु तिवारी ने बेहतर परिणाम का श्रेय शिक्षकों को दिया।**

# शानदार रहा कैंब्रियन पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल

**मुस्कान साइंस, वर्षा सोनी कॉमर्स और सानिया परवीन बनीं आर्ट्स टॉपर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड का परीक्षाफल शानदार रहा। सीबीएसइ 12वीं की परीक्षा में मुस्कान 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ साइंस, वर्षा सोनी 96.2 प्रतिशत के साथ कॉमर्स और सानिया परवीन 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ आर्ट्स सेक्शन की टॉपर बनीं। साइंस में आकांक्षा सिंह 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अपर्णा सिंह 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स में श्रेया लाल 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और वसुंधरा सिंह 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में सोनम कुमारी 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और प्रियांशु पांडेय 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। फाइन आर्ट्स विषय में पांच विद्यार्थियों को शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा फल काफी अच्छा रहा। परीक्षाफल लगातार अच्छा हो रहा है। यह बच्चों की मेहनत, अभिभावकों की प्रेरणा और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं है।














# टेंडर हार्ट के छात्र-छात्राओं का 10वीं 12वीं के रिजल्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**12वीं में विद्यालय के हर्षवर्धन 97.6 प्रतिशत अंक लाकर बने स्कूल टॉपर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ के 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत, कुल 209 परीक्षार्थियों में 56 बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाया। 12वीं (विज्ञान) संकाय में हर्षवर्धन - 97.6 प्रतिशत, सोनम कुमारी - 97.2 प्रतिशत, आयुष भूषण - 95.6 प्रतिशत, नील चन्द्रा - 95.2 प्रतिशत, दिव्या- 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त की। 12वीं (आट्‌र्स) संकाय में इशिका कच्छप - 97.2 प्रतिशत,. निपुण चमारिया - 96.4 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी - 95 प्रतिशत,कार्तिका कीर्ति - 94 प्रतिशत, रितिका - 93 प्रतिशत अंक लाया।










**10वीं के परिणाम में अंजलि 97.6 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्कूल टॉपर बनी**

10वीं के परिणाम में विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा कुल 407 विद्यार्थियों में 141 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाया। इसमें अंजलि कुमारी - 97.6 प्रतिशत, पूजा कुमारी - 97.4 प्रतिशत, आयुष कुमार - 97.2 प्रतिशत, अंबर कुमार 97.2 प्रतिशत, अदिति मिश्रा- 97 प्रतिशत अंक लाया। टेंडर हार्ट की प्राचार्या उषा किरण झा ने इस शानदार रिजल्ट के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाइयां दी। उन्होंने बताया कि टेंडर हार्ट का प्रतिवर्ष बेहतर होता रिजल्ट, टेंडर हार्ट विद्यालय को देश के अग्रणी विद्यालयों में लेकर जायेगा। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के साथ साथ अध्यापकों के कठिन परिश्रम को इस सफलता का श्रेय दिया।

# डीएवी आलोक के शत प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुदांग रांची के छात्रों ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। इस वर्ष विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में कुल 51 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें सभी छात्र सफल घोषित किये गये हैं। विज्ञान संकाय में 93 प्रतिशत अंक लाकर आलिया अफजल विद्यालय के प्रथम टॉपर रहे। द्वितीय स्थान पर 87 प्रतिशत के साथ तसनीम रजा एवं तृतीय स्थान पर 82 प्रतिशत के साथ कायनात विद्यालय के टॉपर बने। वहीं वाणिज्य संकाय में टॉपर 79 प्रतिशत अंक के साथ रिया कुमारी द्वितीय स्थान पर रहे। 80 प्रतिशत अंक के साथ हंबल हसन प्रथम 78 प्रतिशत अंक के साथ वर्षा राज तृतीय स्थान पर रहे। वहीं दसवीं कक्षा में शाहिल बड़ाइक 94.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम टॉपर रहे। द्वितीय स्थान पर अदनान केसर 86 प्रतिशत के साथ और तृतीय स्थान पर मंतशा इरम 85.4 प्रतिशत के साथ टॉपर रहीं। प्राचार्य ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।






# एसबीयू और यूनिवर्सिटी ऑफ वर्मोंट के बीच सहयोग पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ वर्मोंट के बीच एसबीयू में ऑनलाइन माध्यम से चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान-प्रदान से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान एसबीयू के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने दोनों प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षकों और छात्रों के समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि भविष्य में दोनों विश्वविद्यालयों के आपसी सहयोग से व्यापक स्तर पर संभावनाओं के द्वार खुलेंगे और यह छात्रों के अलावा विवि के शैक्षणिक परिवेश के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ वर्मोंट की ओर से चीफ ऑफ स्टाफ जोनाथन डी मोर और सीनियर इंटरनेशनल ऑफिसर जैमी मैकगोवन ने हिस्सा लिया। इस चर्चा के दौरान एसबीयू की ओर से डीन डॉ नीलिमा पाठक, डॉ पंकज गोस्वामी, डॉ एसबी डांडीन, डॉ आरएम झा, डॉ अशोक अस्थाना, डॉ अरविंद भंडारी समेत अन्य मौजूद थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.2 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.22 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.08 बजे | |


आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 मई, 2024
www.azadsipahi.in




## सांसद ने विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

# 25 को राष्ट्रहित में करें मतदान: संजय सेठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/राहे।** रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने सोमवार को सुखदेव नगर मंडल, जोन्हा, सिल्ली, राहे, धुर्वा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है। यह चुनाव भारत का भविष्य तय करने का चुनाव है। यह चुनाव देश को एक सशक्त नेतृत्व देने का चुनाव है। एक सशक्त व्यक्ति को हम देश की बागडोर दे सकें इसका निर्णय करने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश प्रथम के भाव से काम करते हैं। कहा कि झारखंड में नक्सलवाद चरम पर है। कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। यहां की बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं है। आये दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। आलम यह है कि शाम होते ही बहन-बेटियां घर से बाहर निकलने से डरती हैं। छिनैती की घटनाएं बढ़ गयी हैं। शासन और प्रशासन का डर अपराधियों में खत्म हो गया है। जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा सरकार थी, तो झारखंड में नक्सलवाद खत्म हो गया था। महिलाएं 24 घंटे कहीं भी आ जा सकती थीं। नक्सली झारखंड छोड़ कर चले गये थे। अब राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था यहां के लोगों के लिए श्राप बन गया है। इसलिए 25 तारीख को राष्ट्रीय हित में मतदान करें। इस दौरान रांची के विधायक सीपी सिंह, सत्यनारायण सिंह, रमेश सिंह, ललित ओझा, संजय जयसवाल, डॉ भीम प्रभाकर, डॉ अभिषेक रामदीन, अनीता वर्मा, मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, हरेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, राजू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उधर, रांची सांसद संजय सेठ ने सोमवार को राहे सुभाष चौक परिसर आसपास जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, राहे संयोजक राज किशोर मेहता शंकर भगत, मेघनाथ महतो, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, सुशांत सिंह, कमलाकांत सिंह, नवीन चटर्जी, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राजीव रंजन ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में रांची लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू के द्वारा किया गया। अभियान के दौरान अजय मारू ने जनता से संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के नेतृत्वकर्ता श्री राजीव रंजन मिश्रा ने जनता को संजय सेठ के द्वारा किये गये कार्यों को जनता तक पहुंचाया। जनसंपर्क अभियान में कैलाश केसरी, लंकेश सिंह, शंकर दुबे, बलकु उरांव, निर्मल पाहन, शाहिल कुमार, गोपाल पारीक, पीयुष आनंद, ज्योति शंकर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।



## रांची रेलवे स्टेशन से नौ महीने का बच्चा चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से एक नौ महीने का बच्चा चोरी हो गया है। अब तक बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया है। चोरी की खबर फैलते ही पूरे रेलेवे स्टेशन परिसर में सनसनी फैल गयी। खोये हुए बच्चे का नाम शुभम कुमार है। घटना के बाद रेलवे पुलिस और जिला पुलिस बच्चे को तलाश रही है। घटना को लेकर बच्चे के पिता ने बताया कि वह, उनकी पत्नी और उनका बच्चा अगरतल्ला से लौट रहे थे। रविवार सुबह वे रांची स्टेशन पर उतरे, जहां से उन्हें लातेहार जाना था। लातेहार जाने के लिए ट्रेन का समय सुबह 10:00 बजे था। इसलिए वह अपने परिवार के साथ ट्रेन का इंतजार करने लगे। लेकिन इसी बीच उनका बच्चा खो गया। वह पूरे स्टेशन परिसर में अपने बच्चे को ढूंढ़ने लगे। वह अभी तक नहीं मिल पाया है। बच्चे के पिता ने बताया कि उनका एक ही बच्चा है। बताया जा रहा है कि जहां पर माता-पिता अपने बच्चे के साथ खेल रहे थे, वह स्टेशन परिसर के बाहर है, इसलिए वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं है। लेकिन इसके बावजूद रेलवे पुलिस की एक टीम लगातार बच्चे को ढूंढ़ने की कोशिश कर रही है। रांची के चुटिया थाने में भी मामला दर्ज किया गया है। चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर कुमार ने बताया कि जिला पुलिस और रेलवे पुलिस की ओर से एक टीम का गठन किया गया है और दोनों टीमें मिल कर बच्चा चोर की तलाश कर रही हैं। पुलिस ने बताया है कि बच्चा चोरी में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चा चोरों ने पहले माता-पिता को बहला-फुसला कर अपना बना लिया। कुछ देर तक उन्होंने माता-पिता के साथ मिल कर बच्चे को प्यार किया। जब माता-पिता को उन पर विश्वास हो गया, तो चोरों ने उनका बच्चा चुरा लिया।


मतदान की खबरें पेज 11 पर


### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** प्रस्तावित योजनाओं में आवश्यकतानुसार सफलता मिलेगी। राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रूका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरगसबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अबसर बनेंगे।

**कन्या** आर्थिक उन्नति, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी,आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** कर्मक्षेत्रमें संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ।

## बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का निधन



पटना (आजाद सिपाही)। बिहार में भारतीय जनता पार्टी की लंबे समय तक पहचान रहे दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी नहीं रहे। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा के पूर्व सांसद सुशील मोदी का सोमवार की रात दिल्ली में निधन हो गया। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा के पूर्व सांसद सुशील मोदी का सोमवार की रात दिल्ली में निधन हो गया। पिछले महीने की तीन तारीख को उन्होंने कैंसर होने की जानकारी देते हुए सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा की थी। पूर्व उपमुख्यंत्री सुशील मोदी गले के कैंसर से पीड़ित थे। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका इलाज चल रहा था। सुशील कुमार मोदी ने 03 अप्रैल को सार्वजनिक जीवन के लिए अंतिम संदेश दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- 'पिछले छह माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। प्रधानमंत्री को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित।'

## बैंक ऑफ इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 57% बढ़कर 6,318 करोड़ रुपये हुआ

मुंबई (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया ने वि.वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए अपने परिणामों की घोषणा की जिसमें शुद्ध लाभ में 57% की वृद्धि हुई और यह 6,318 करोड़ रुपये हो गया जो वि.वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,350 करोड़ रुपये था। क्रमिक आधार पर, तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में वर्ष-दर-वर्ष 7% की वृद्धि हुई और वि.वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,350 करोड़ रुपये के मुकाबले वि.वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए 1,439 करोड़ रुपये रहा। एसेट गुणवत्ता के मोर्चे पर, सकल एनपीए अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 233 बीपीएस की कमी आई और शुद्ध एनपीए अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 44 बीपीएस की कमी आयी। वैश्विक कारोबार में सालाना आधार पर 11.65% की वृद्धि हुई, वैश्विक जमा में सालाना आधार पर 10.21% की वृद्धि हुई और वैश्विक अग्रिम में सालाना आधार पर 13.52% की वृद्धि हुई। शुद्ध ब्याज आय (एनआइआइ), वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 5,463 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में यह 5,595 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 5,740 करोड़ रुपये थी। गैर-ब्याज आय, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 1,193 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में यह 1,432 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 1,688 करोड़ रुपये थी। 31.03.2024 को बैंक का कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 16.96% रहा जो मार्च 2023 में 16.28% था। 31.03.24 को सीइटी-1 अनुपात 14.24% रहा। आर.ए.एम अग्रिम, 15.55% सालाना वृद्धि के साथ 2,74,477 करोड़ रुपये हो गये, जो मार्च 2024 में कुल अग्रिम का 55.74% है। खुदरा ऋण, मार्च 2024 में 18.12% सालाना वृद्धि के साथ 1,11,484 करोड़ रुपये हो गये। कृषि ऋण, मार्च 2024 में 16.69% सालाना वृद्धि के साथ 84,460 करोड़ रुपये हो गये। एमएसएमइ ऋण, मार्च 2024 में 10.96% सालाना वृद्धि के साथ 78,533 करोड़ रुपये हो गए। घरेलू कासा, मार्च 2023 में 2,52,149 करोड़ रुपये से 7.03% सालाना वृद्धि के साथ मार्च 2024 में 2,69,872 करोड़ रुपये हो गया और कासा अनुपात 43.21% रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 17 लाख नये प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले हैं। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों में 11.51% की वृद्धि हुई और यथा मार्च 2024 को ए.एन.बी.सी का 44.08% है। 31 मार्च 2024 तक, बैंक की घरेलू शाखाओं की संख्या 5148 है। इसमें ग्रामीण: 1862 (36%), अर्ध-शहरी: 1464 (29%), शहरी: 830 (16%), मेट्रो: 992 (19%) शाखाएं शामिल हैं।

## स्थानीय ग्रामीणों के प्रतिरोध के कारण खरकई डैम प्रोजेक्ट को किया गया बंद



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश में प्राधिकृत जल संसाधन विभाग ने एक शपथ पत्र दाखिल किया गया। इस शपथ पत्र में यह बताया गया है कि स्थानीय ग्रामीणों के प्रतिरोध के कारण, खरकई डैम प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया है। हाइकोर्ट के आदेश के अनुसार, यह स्पष्ट हो गया है कि खरकई डैम प्रोजेक्ट पर रु. 6100 करोड़ रुपये के खर्च के बावजूद भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि खरकई डैम परियोजना बिना किसी ठोस कारण के अचानक एक पत्र के द्वारा अग्रिम आदेश तक प्राधिकृत जल संसाधन विभाग द्वारा बंद कर दिया गया था। झारखंड हाइकोर्ट के संज्ञान में आया है कि इस खरकई डैम प्रोजेक्ट को पूरा न करने के कारण तीन प्रदेशों (झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल) की जनता को लाभ से वंचित कर दिया गया है, जिसमें सिचाईं, जल प्रबंधन, रोजगार निर्माण, पर्यटन उद्योग विस्तार, आपदा प्रबंधन, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ शामिल है। इस परियोजना के अपूर्ण रहने पर झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीर चिंता जतायी है और राज्य सरकार (द्वारा मुख्य सचिव) से जवाब मांगा है कि राज्य सरकार खरखाई बांध का कार्य शुरू करने के लिए क्या कदम उठा रही है।

## भाजमो का संकल्प पत्र सरयू राय ने किया जारी

**सरयू राय ने कहा: भाजमो तीसरी धारा की राजनीति करेगा, हम धर्म निषेक्षिता का भाव रखेंगे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को यहां एक सादे समारोह में पार्टी को संकल्प पत्र जारी किया। इस संकल्प पत्र में 18 बिंदु हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, जनजातीय कल्याण से लेकर लोक संस्कृति बचाने की बातें करते हैं।

संकल्प पत्र पार्टी के लालपुर स्थित कार्यालय में जारी किया गया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा तीसरी धारा के रूप में चुनाव लड़ेगा। हम लोग धर्म निष्पेक्षिता का भाव रखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजमो का चुनाव चिह्न आम जनमानस से जुड़ा हुआ है। यह गैस सिलेंडर का चिह्न है।

भाजमो प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि उनका संकल्प है कि वह राष्ट्रीय विकास के मानचित्र पर रांची को अव्वल स्थान दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। आम जन का समर्थन उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस आम चुनाव में जनता-जनार्दन के समर्थन की अपेक्षा है। संकल्प पत्र जारी करने के अवसर पर पार्टी के उपाध्यक्ष पीएन सिंह, पोलिंग एजेंट सोमेन दत्ता, महासचिव आशीष शीतल मुंडा, सचिव मनोज सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के मिर असरार बख्तावर रिंकू सज्जादमहिला मोर्चा अध्यक्ष शिवानी लता समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद ने मनायी सीतानवमी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद् की मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी और सेवा भारती की ओर से दुर्गानवमी मनायी गयी। कार्यक्रम में विहिप प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हम सभी सीता स्वयंवर की कहानी सुनते हैं। साथ ही उनके जीवन में चुनौतियों को स्वीकार करना, उसका समाधान करना, समाधान के लिए त्याग करना, यही आदर्श सीता माता का हमारे सामने हैं। क्षेत्र मंत्री बीरेंद्र विमल, दीपा रानी कुंज ने कहा कि माता सीता अयोध्या में तेजी से बदलते पारिवारिक और राजनीतिक घटनाक्रम की जानकारी मिथिला में नहीं देती थीं। ये आज के समाज के लिए बड़ा संदेश है। इस मौके पर सेवा भारती में चल रहे प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। मौके पर पूनम आनंद, कंचन प्रभा, उमा शंकर शर्मा, विनय लाल, डॉ भर्ती रायपत, प्रमानंद पुजारा, आरती सिंह, चंदा देवी, रिंकी तिवारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रमिकों को मिलेगा 25 लाख का मुफ्त इलाज: यशस्विनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी, तो श्रमिकों के लिए 25 लाख रुपये तक की हेल्थ केयर योजना शुरू की जायेगी। इसके तहत श्रमिकों का इलाज मुफ्त होगा। सोमवार को रांची संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में लोगों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने जगह-जगह पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी बैठक कर लोगों से समर्थन मांगा। कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों के बारे में सोचती है, लेकिन राहुल गांधी गरीबों और आम लोगों के बारे में चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने श्रमिक न्याय योजना के तहत श्रमिकों के विकास और उत्थान की योजना बनायी है। इसमें श्रमिकों के लिए 25 लाख रुपये का हेल्थ केयर योजना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार की झूठ और जुमले से ऊब चुकी है। अप्रत्याशित महंगाई और बेरोजगारी से परेशान जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में इधर-उधर की बातें करते हैं।

## तीन दिवसीय समर कैंप का होगा आयोजन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ रांची यूथ और नीव प्री-स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 17 से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन नीव प्री-स्कूल सुखदेव नगर रातू रोड में किया जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को चेंबर भवन में प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि समर कैंप का समय प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक रहेगा। इस समर कैंप में तीन साल से लेकर 12 साल तक के बच्चे अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। समर कैंप में बच्चों के लिए अनेक एक्टिविटीज का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए पहले दिन का थीम नेचर रिलेटेड रखा गया है। इसमें बच्चों को प्लांटेशन, रीसाइक्लिंग और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया जायेगा। दूसरे दिन का थीम रूटस ऑफ चाइल्डहुड रखा गया है। इसमें बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा एंड मेडिटेशन और पूल पार्टी का आयोजन किया जायेगा। तीसरे दिन बच्चों के लिए थीम रखा गया है। आर्ट ऑफ साइंस इसमें बच्चों को मैग्नेट और मैजिक से संबंधित चीजों को बताया जायेगा। क्लोजिंग सेरेमनी में स्पेशल अट्रैक्शन के तहत बच्चों के लिए रैंप वॉक का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर जेसीआइ रांची यूथ के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक भदानी ने कहा कि आने वाले दिनों में जेसीआइ रांची द्वारा वोटिंग अवेयरनेस रैली और फैशन फिएस्टा सीजन- 2 का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी दे दी जायेगी। इस मौके पर संस्था की पूर्व अध्यक्ष कुशा जालान, सचिव रिचा जालान डायरेक्टर मैनेजमेंट अदिति भदानी, गुणीत सिंह, विनायक शर्मा, मोनिका, मनीषा, नयोनिका आदि मौजूद रहे।

## जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ने किया भूमि पूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में रियल एस्टेट कंपनी जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ने सोमवार को अपने नये प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया। रांची शहर के बीचों बीच वीआइपी इलाके अरगोड़ा में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया है। रांची की प्राकृतिक सुंदरता एवं यहां के वातावरण को बिहार-झारखंड सहित पूरे देश के लोग पसंद करते हैं। जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स के पार्टनर मनोज सिन्हा ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत जी+13 के 3 फेज का निर्माण किया जा रहा है। इसमें कुल 222 फ़्लैट्स है। इन तीनों ब्लॉक्स में 1 बीएचके, 2 बीएचके, 3 बीएचके और 4 बीएचके के फ़्लैट्स उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि फेज 01 को पूरा कर लिया गया है। इस प्रोजेक्ट की खासियत यह है कि इसमें सारी सुविधाएं रहेंगी। बच्चों के खेलने के लिए पार्क और कम्युनिटी हॉल भी रहेंगे। इस अवसर पर ग्राहकों को विशेष ऑफर दिया जा रहा है। सोमवार से अगले 15 दिनों तक बुकिंग करने वाले सभी ग्राहकों को 4500 रुपये प्रति स्क्वायर फीट का ऑफर दिया जा रहा है।

# गो आधारित खेती से ही पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ेगी: सिद्धार्थ

**गोबर का इस्तेमाल कास्ट बनाने के बजाय खेतों में करना चाहिए। गाय के गोमूत्र में 500 प्रकार के माइक्रोब्स हैं, जो मिट्टी का स्वास्थ्य संवर्धन करते हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गो कृषि आधारित प्राकृतिक खेती से प्राप्त कृषि उत्पाद न केवल हानिकारक रसायनों के दुष्प्रभावों से मुक्त होते हैं, बल्कि उनमें पोषक तत्वों की मात्रा भी अधिक होती है। अनाज, फल और सब्जी में प्रोटीन, विटामिन आयरन, मिनरल आदि की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती ही एकमात्र रास्ता है। ऐसे उत्पादों के सेवन से ही शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी।

उक्त बातें बीएयू के बिजिनेस प्लानिंग एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ जयसवाल ने सुकुरहुटू गोशाला में प्राकृतिक खेती पर व्याख्यान देते हुए कहीं। कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के इस्तेमाल से कृषि उत्पादों में पोषक तत्वों की



उपलब्धता लगातार घट रही है और कैंसर जैसी बीमारी फैल रही है। गोबर का इस्तेमाल कास्ट बनाने के बजाय खेतों में करना चाहिए। गाय के गोमूत्र में 500 प्रकार के माइक्रोब्स हैं, जो मिट्टी का स्वास्थ्य संवर्धन करते हैं। खेती में देशी बीज, अमृत जल और अमृत मिट्टी के इस्तेमाल से पोषक तत्वों की उपलब्धता में पर्याप्त वृद्धि होती है। अमृत मिट्टी तैयार करने में लगभग पांच महीने का समय लगता है, किंतु उसके बाद इस मिट्टी में 15 वर्षों तक किसी खाद या कीटनाशक की आवश्यकता नहीं पड़ती और बिना जुताई की खेती होती है। पहली फसल से ही उत्पादकता में वृद्धि होती है और उत्पादों का सेल्फ लाइफ भी अधिक होता है। गोशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने कहा कि सुकुरहुटू और हुटूप गोशाला में गो आधारित प्राकृतिक कृषि का विस्तृत मॉडल स्थापित किया जायेगा।

इस अवसर पर गोशाला के सचिव प्रदीप राजगढ़िया, गोशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन जालान, उपाध्यक्ष एसएन राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, मुरारी लाल अग्रवाल, पंकज वत्सल, भानु प्रसाद जालान, आरके चौधरी, प्रकाश काबरा, अमरजीत गिरिधर, सुरेश जैन, मनीष लोधा सहित अन्य उपस्थित थे।

# खूंटी सीट के सात प्रत्याशियों के भाग्य इवीएम में बंद, 66 फीसदी मतदाताओं ने सुनाया फैसला

अनिल मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** 18वीं लोकसभा का सदस्य बनने के लिए खूंटी संसदीय सीट से भाग्य आजमा रहे सात दलीय-निर्दलीय प्रत्याशियों के भाग्य सोमवार को इवीएम में बंद हो गये। जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी संसदीय क्षेत्र के 66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना फैसला सुना दिया। आगामी चार जून को ही पता चलेगा कि जनता ने किसी के सिर पर सेहरा बांधा और किसे नकार दिया है। खूंटी संसदीय क्षेत्र के लगभग 13 लाख मतदाताओं में से लगभग साढ़े आठ लाख लोगों ने चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव के दौरान सभी बूथों पर पेयजल, चिकित्सा सहिहत अन्य सुविधाएं मुहैया करायी गयी थी। नये मतदाताओं के साथ ही बुजुर्ग वोटरों में भी मदान को लकर काफी उत्साह देखा गया। दिव्यांग और बीमार लोगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा कें लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया था। मतदान केंद्र से दूर के बुजुर्ग मतदाताओं को लाने के लिए छोटे वाहनों की व्यवस्था की गयी थी।

**अर्जुन मुंडा के समक्ष भाजपा का किला बचाने की चुनौती, तो कांग्रेस को हार का कलंक धोने का मौका:** इस चुनाव में भाजपा के टिकट पर दूसरी बार बार चुनाव मैंदान में उतरे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के समक्ष भाजपा का किला बचाने की चुनौती है, तो कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के पास लगातार हार का कलंक धोने का मौका। ज्ञात हो क 2019 के चुनाव में इन्हीं दो प्रतिद्वंद्विये के बीच ही सीधा मुकाबला हुआ था और अर्जुन मुंडा 1445 वोटों से बाजी मार गये थे। इस बार भी इन्हीं दो प्रतिद्वंद्वियों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला। झारखंड पार्टी की अपर्णा हंस, निर्दलीय बसंत कुमार लोंगा, आदिवासी विकास पार्टी की बबीता कच्छप,बसपा की सावित्री देवी, औ निर्दलीय पास्टर संजय तिर्की अपना छाप छोड़ने में नाकाम दिखे। **शाम पांच बजे के बाद भी कई बूथों में लगी रही लंबी कतार :** वैसे तो मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम पांच तक निर्धारित थे, लेकिन कई बूथों में शाम पांच के बाद भी कई बूथों में वोटरों की लंबी कतार नजर आयी। पांच बजे के बाद मतदान केंद्र में पहुंचनने वालों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी, लेकिन जो मतदाना बूथ की कतार में थे, उन्हें पांच बजे के बाद भी मतदान करने की अनुमति दी गयी।

## मतदाताओं का आकर्षित करने में सफल रहा यूनिक बूथ



मतदाताओं के बीच मतदान के लिए जागरूकता लाने के उद्देश से प्रशासन द्वारा तोरपा प्रखंड के लाहाजीमी को यूनिक बूथ बनाया गया था। यहा सभी मतदानकर्मी पारंपरिक आविसी वेशभूषा में थे। मतदाताओं का स्वागत मुंडारी न्त्य-गीत के साथ किया जा रहा था। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सैयद राशिद अख्तर और प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, ग्राम प्रधान मुखिया भी पारंपरिक परिधान में उपस्थित थे। मोके पर ग्रामीणों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की झांकी प्रस्तुत की। पूरे मतदान केंद्र पर सोहराई पेंटिंग कराई गयी थी। इस बूथ पर भी सुबह से वोटरों की लंबी कतार लग गयी थी।

## युवा वोटरों में भारी उत्साह दिखा



इस संदीय सीट के 1705 बूथों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया था, लेकिन मतदाता प्रातः छह बजे से ही कतार में लग गये थे। युवा वोटरों में मतदान के प्रति भारी उत्साह देखा गया। मतदान करने के बाद युवा वोटरों ने कहा कि उन्हें देश का जिम्मेवार बनने का मौका मिला। लोकतंत्री में मतदान से बड़ा कोई हथियार नही है। इसलिए सभी को अपने माधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

## मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही



मतदान के दौरान भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा तोरपा पहुंचे। कार्यकर्ताओं से मतदान की गतिविधियों का जायजा लिया। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि मतदान के प्रति लोगों का अच्छा रिस्पांस है। मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस बार मतदान की प्रक्रिया काफी धीमी रही है। कई केंद्रों से सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गयी है। एक महिला अगर चार घंटें खडी रहकर मतदान कर रही है, तो यह परेशानी की बात है।



पूर्व मुखिया 90 वर्षीय सोमा मुंडा।

## मतदान कर पिता को दी श्रद्धांजलि



खूंटी। हमेशा सामाजिक कार्यों में भागीदारी करनेवाले और रामनवमी महासमिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जैसे संगठनों के विभिन्न पदों को सुशोभित कर चुके खूंटी के जानेमाने दिवंगत अधिवक्ता भोलानंद तिवारी के पुत्र विपपुल तिवारी ने सोमवार को श्राद्धकर्म के दौरान ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भोलानंद तिवारी का गतत शुक्रवार को निधन हो गया था। विपुल ने कहा कि वोट के माध्यम से उन्होंने अपने पिता को श्रद्धांजलि दी है।

## बुजुर्गों में दिखी मतदान करने की ललक



खूंटी संसदीय सीट के लिए इस मुकाबले में बुजुर्ग मतदाताओं में वोट डालने की जबर्दस्त उतसाह देखेने को मिला। 1957 से अब तक हुए सभी लोकसभा, विधानसभा और पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले दुमंगदीरी पंचायत के पूर्व मुखिया 90 वर्षीय सोमा मुंडा कहते हैं कि वे शुरू से ही वोट देने का सबसे जरूरी काम मानते हैं। वे कहते हैं कि आज वह चलने-फिरने से लाचार हैं, इसके बावजूद व्हील चेयर पर वे मतदान करने अपने गांव लोहाजिमी के यूनिक बूथ में आये हैं।

## विभिन्न शहरों से वोट देने गांव पहुंचे मतदाता

भले ही खूंटी संसदीय क्षेत्र को भले ही पिछड़ा इलाका माना जाता हो, पर मतदान के प्रति इस क्षेत्र के लोग काफी जागरूक हैं। यही कारण है कि दिल्ली, पटना, रांची और अन्य जगहों पर रहनेवाले गांव के मतदाता वोट देने के लिए गांव पहुंचे। रनिया प्रखंड के डिगरी गांव पहुंचे सेवानिवृत्त वन प्रमंडल पदाधिकारी अर्जुन बड़ाईक कहते हैं कि मतदान हमारा सबसे बड़ा अधिकार है। आपका एक-एक वोट कीमती है। इसलिए हर मतदाता को वोट जरूर देना चाहिए।

## खरसावां में सबसे अधिक 67.58 फसदी मतदान

खूंटी संसदीय सीट के छह विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक 67.58 मतदान खरसावां विधानसभा में हुआ। खूंटी में 66.79 प्रतिशत, कोलेबिरा में 65.1, सिमडेगा में 64.62, तमाड़ में 66.36 और तोरपा में 64.63 प्रतिशत मतदान हुआ।

# खूंटी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के बीच है कांटे की टक्कर

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा में भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे का टक्कर है। इस बार बंपर वोटिंग हुई। पिछले चुनाव में भाजपा को 86352 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 44871 मत प्राप्त हुए थे और 41 हजार 481 हजार वोटों की लीड भाजपा को मिली थी और 1445 वोट से भाजपा जीत दर्ज किया था, लेकिन इस बार हर बूथ पर टक्कर है। कहीं भाजपा भारी है, तो कहीं कांग्रेस भारी है। तमाड़ के कुर्मी बहुल इलाकों में कांग्रेस को जम कर वोट डालने की सूचना है। वहीं बुंडू एनएससी के 22 बूथों में 18 बूथों पर भाजपा को जम कर वोट मिला है। वहीं टायमारा से दशम फाल तक कांग्रेस को अच्छी वोट मिलने की सूचना है। बुंडू के ग्रामीण इलाकों मे कांग्रेस व भाजपा की सीधी लड़ाई है। तमाड़ के नहरी क्षेत्र सलगाड़ीह से उलीलोहर तक कांग्रेस को बढ़त मिलने की संभावना है। वहीं आराहागा जारगो व रडगाव पंचायत में कांग्रेस को बढ़त मिलने के आसार हैं। सलगाड़ीह से राउता तक कांग्रेस व भाजपा को अच्छी वोट मिले हैं। अड़की के सिंदरी नौढी अड़की पुरनानगर सोसोकुटी पंचायत में कांटे की टक्कर है। भाजपा इसमें बढ़त बना सकतीं है। अड़की के ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस को अधिक वोट मिलने की सूचना है। पत्थरगढ़ी के सात पंचायतों में कांग्रेस का पलड़ा मजबूत है। रायडीह से हडामलोहर में कांग्रेस व बीजेपी को बराबर वोट मिलने की संभावना है। भुइयाडीह से हडामलोहर तक कांग्रेस वोट के मामले में आगे चल रहे हैं। मरधान भुइयाडीह व उलीडीह पंचायत में कांग्रेस व भाजपा को जमकर वोट दिया है। सारजमडीह पंचायत में भाजपा भारी है। जिलिगसेरेग व कुरकुटटा पंचायत में कांटे की टक्कर का आंकलन किया गया है। कुल मिलाकर वोटों के गिनती से ही हकीकत का पता चलेगा।

# विकास आधारित राजनीति एनडीए की मजबूती का आधार : सुदेश महतो

**सिल्ली में चुनावी रणनीति पर चर्चा, कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने पर जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मुरी।** विकास आधारित राजनीति ही एनडीए की मजबूती का आधार है। लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने के लिए सभी कार्यकर्ता समन्वय और जिम्मेदारी के साथ काम करें। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्थित आम बागान में आयोजित एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में कही। इस दौरान रांची लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ समेत गठबंधन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में रांची लोकसभा सीट में पुनः एनडीए का परचम लहराने के लिए आपसी तालमेल और साझेदारी के साथ कार्य करने की साझा रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग के लोगों को उनका हक, अधिकार और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश में राज किया है। इन्होंने देश के अंदर ऐसी परिपाटी को जन्म दिया था जिसमें देश की एक बड़ी आबादी को उचित अवसर नहीं मिल पाता था। परिवार का विकास ही इनका मूल एजेंडा है। देश की जनता ने मोदी जी के विकास कार्यों पर अटूट विश्वास दिखाया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वैश्विक पटल पर भारत की पहचान मजबूत हुई है। मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रांची लोकसभा क्षेत्र से आजसू समर्थित बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि आजसू और भाजपा का गठबंधन राज्य में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर मोदी जी के 400 के पार के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर आजसू पार्टी से केंद्रीय सचिव सुनिल सिंह, सुशिल महतो, रांची जिप उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, चितरंजन महतो, शंकर मुंडा, सोमरा बेदिया, विजय उरांव, रंगबहादुर महतो, जलेश्वर महतो, चंचला भोगता, धरनी देवी, सुशेन प्रमाणिक, उज्जवला देवी, रमेश मुंडा, सारथी देवी, अनिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सीबीएसई के 12वीं एवं दसवीं के परिणाम घोषित किए गये। एक बार फिर से सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। हर बार की भांति इस बार भी विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। 12वीं में विद्यालय के रौनक नायक ने 93% अंको के साथ प्रथम स्थान, यशराज 84%द्वितीय तथा हर्षिता 83.6%तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सीबीएसई कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है जिसमें स्वाति मुण्डा 94.2% प्रथम स्थान, निशु कुमारी 93.2% द्वितीय स्थान, अर्णव राज 92 % तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक अली अल अराफात और प्राचार्या तराना बेगम ने तथा विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं मुकुंद लाल झा, दिपान्विता भट्टाचार्जी, सोम रक्षित अजीत प्रमाणिक, जितेन्द्र शर्मा, मुख्तार अन्सारी, अनु सिन्हा तथा तुषार सिन्हा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा का उत्कृष्ट परिणाम



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा का सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं बोर्ड परीक्षा में 42 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 07 छात्र प्रथम श्रेणी, 27 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 08 छात्र तृतीय श्रेणी में उर्तीण हुए। प्रथम श्रेणी में उर्तीण होने वाले छात्रों में ज्योति सिंह को 74 प्रतिषत, षीफा कलम को 73 प्रतिषत, षुभम कुमार को 70 प्रतिषत, तेजस्वी कुमार को 70 प्रतिषत, मानसी शर्मा को 64 प्रतिषत, संजना कुमारी को 61 प्रतिषत एवं विवेक कुमार को 60 प्रतिषत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय षत प्रतिषत परिणाम और छात्रों की सफलता पर विद्यालय सचिव संजीव रंजन सिंह एवं प्रधानाचार्य षालिग्राम सिंह सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं षिक्षक–षिक्षिकाओं ने छात्रों के उज्वल भविश्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## सरना एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरना एकेडमी कुसुमटोला पिपरवार का सत्र 2023–2024 सीबीएसई दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 14 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 8 छात्र प्रथम श्रेणी तथा 6 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उर्तीण हुए। छात्र रविंद्र सिंह 80 .5 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। वहीं द्वितीय टॉपर रही संगीता कुमारी को 79 .5 प्रतिशत अंक मिले। विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव,गोपाल सिंह और उपप्रधानाचार्य ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीबीएसइ में डीएवी बचरा का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गये सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया है। स्कूल प्रबधंन द्वारा जारी सूचना के मुताबिक सीबीएसई बारहवीं के विज्ञान संकाय मे कुल 25 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमे सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए.स्कूल के छात्र आभांशु द्विवेदी और उत्कर्ष कुमार 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही आशुतोष कुमार ओझा 84.6 प्रतिशत अंको के साथ दुसरा स्थान और देवाशीष कुमार गुप्ता 79.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह सीबीएसई बारहवी के वाणिज्य संकाय में कुल नौ विद्यार्थी मे सभी उत्तीर्ण हुए। छात्रा खुशबु कुमारी 79.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, छात्र देवाशीष सिन्हा 67 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और दीपक कुमार महतो 59.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। इधर सीबीएसई दसवीं परीक्षा में भी स्कूल के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। दसवी परीक्षा मे स्कूल के कुल 93 विद्यार्थी शामिल हुए,जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। छात्र ओम आदित्य 91.8 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहा। इसी तरह छात्र राघव कुमार 91.2 प्रतिशत, सृजा दत्ता 89.8 प्रतिशत,भव्यता विश्नकर्मा 89 प्रतिशत,कृष्णा यादव 86.2 प्रतिशत, आर्यन कुमार 85.6 प्रतिशत, श्रेया कुमारी 83.6 प्रतिशत, शिल्पा कुमारी 83.2 प्रतिशत, गौरव कुमार व हर्ष 82.8 प्रतिशत और प्रियांशु राज 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। स्कुल के बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने सभी सफल बच्चों को दी बधाई है।

## मुखिया अमित मुंडा और उनकी पत्नी का वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने के कारण वोट डालने से वंचित रह गये



**अड़की (आजाद सिपाही)।** खुटी लोकसभा के अड़की प्रखंड के बालालोंग पंचायत के मुखिया अमित मुंडा और उनकी पत्नी का वोटर लिस्ट में नाम नही होने के कारण 2024 आम लोकसभा चुनाव में वोट डालने से वंचित रह गये। इसके साथ ही ऐसे सैकड़ों आदमी ऊपर बालालोंग पंचायत में थे जिनका वोटर लिस्ट में नाम नही रहने के कारण बिना वोट डाले ही वापस घर जाना पड़ा वोही पंचायत का स्वयं मुखिया रहने के कारण वोट नही दें पाने से काफी नाराज दिखे मुखिया का कहना है चुनाव हमारे लोकतंत्र का एक महा पर्व है और इस पर्व में वोट नही दे पाने का मलाल हर हमेसा रहेगा। जानकारी के अनुसार इसके साथ साथ प्रखंड में बूथ लिस्ट से नाम हटने के कारण सैकड़ों और भी लोग मतधिकार का प्रयोग नही कर पाए कारण लोगो में काफी नाराजगी भी दिखी ।

## भास्कर सिंह ने 95% अंक लाकर गौरवान्वित किया




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड के परिणाम घोषित कर दिया। बुंडू के साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने पांच परगना में सफलता का परचम लहरा दिया है। स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। भास्कर सिंह ने 95% अंक लाकर पांचपरगना को गौरवान्वित किया है। भास्कर पांचपरगना के टॉपर बने हैं। भास्कर के अलावा साउथ प्वाइंट के अभिराज गुप्ता ने 94%, हिमांशु कुमार ने 92.8%, नव्या मिश्रा ने 92.8%, विनीत गुप्ता ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के धीरज, विवेक, भावना, शांतनु, नमन, हर्षित, आर्यन, रिया, श्वेता सहित कई विद्यार्थियों ने भी शानदार सफलता अर्जित की है। बुंडू अनुमंडल व पांच परगना टॉपर भास्कर कुमार सिंह ने अपनी सफलता का सूत्र विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा प्राप्त हुए मार्गदर्शन को बताया है। भास्कर ने विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा प्राप्त दिशा-निदेर्शों के प्रति आभार जताया है। विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने कहा कि छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा का सीबीएसई बाहरवीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कला संकाय में आठ तथा वाणिज्य संकाय में पांच परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में कुल 13 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। इस बार भी विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। 13 परीक्षार्थियों में से दो प्रथम श्रेणी में तथा शेष द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा मंजू कुमारी ने 74 प्रतिषत अंक लाकर कला संकाय में तथा छात्र हर्ष कुमार सिंह ने 70 प्रतिषत अंक लाकर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के सचिव संजीव रंजन सिंह, प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह समिति के सभी सदस्यगण तथा सभी आचार्यों ने छात्रों को शुभकामना दी।

# मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता







**बुंडू/तमाड़।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड विधानसभा क्षेत्र बुंडू तमाड़ व अड़की प्रखंड में मतदाताओं ने उत्साह के साथ सुबह से ही मतदान में भाग लिए। मतदान केदो पर सुबह से ही लंबी लाइन लगी हुई थी। मतदान केंद्रों पर उत्साह के साथ नए युवा मतदाता से लेकर बुजुर्ग मतदाता भी बढ़-चढ़कर के मतदान हिस्सा लिया बुंडू अनुमंडल कार्यालय के निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक पुरे तमाड़ विधानसभा में 72.12% मतदान हुआ जिसमें बुंडू प्रखंड में कुल 78 . 28% तमाड़ प्रखंड में 77 . 77% और अंडकी प्रखंड में 62.06 प्रतिशत मतदान पड़े। सभी मतदान केदो पर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रातः 7 बजे से ही मतदान की कार्य शुभारंभ हो गयी। 11बजे प्रातः तक 33% मतदान पड़े थे दोपहर 1:00 बजे 55% और अपराह्न 3:00 बजे तक 69% मतदान मतदाताओं ने किया। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए आब्जर्वर के रूप में असम राज्य के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दर्जे शियारिंग नगी के निगरानी में अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू निवार्ची पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी के साथ तीन अपर दंडाधिकारी पांच जोनल दंडाधिकारी 23 सेक्टर दंडाधिकारी 16 माइक्रो आब्जर्वर और पर्याप्त पुलिस बल की निगरानी में पूरे विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ मतदाताओं ने उत्साह और जोश के साथ रिकॉर्ड तोड़ मतदान की है। बुंडू के सभी मतदान केदो पर समय अनुसार मतदान की कार्यवाही शुरू हुई कहीं पर भी ईवीएम मशीन की गड़बड़ी एवं शांति भंग होने की खबर नहीं है। अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन पुलिस और जनता ने सहयोग किया। इस चुनाव में मतदान देने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा गया। कहीं कहीं इबीएम मशीन धीरे चलने की शिकायत मिली जिसे जल्द ही ठीक कर लिया गया था कांग्रेस व भाजपा के पछ में जोरदार वोटिंग हुई कयी बुथो पर भाजपा तो कयी बुथो पर कांग्रेस आगे रही मुकाबला कांटे का है।

**लोकतंत्र का उत्सव :** मतदान के लिए सुबह में ही बूथों पर लगने लगी थी मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें

# बेड़ो में 66.61, मांडर में 68.12 और इटकी में 71.67 फीसदी मतदान, सुरक्षा चाक-चौबंद

आजाद सिपाही टीम

**बेड़ो/चान्हों/मांडर/इटकी।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को झारखंड के लोकसभा लोकसभा केंद्र पर भी संपन्न हुआ। इसके साथ ही भाजपा प्रत्यासी समीर उरांव, कांग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत और निर्दलीय प्रत्यासी चमरा लिंडा सहित 15 प्रत्यासियों की किस्मत इवीएम मशीन में बंद हो गई। इसी के साथ बेड़ो प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। कुल 90 हजार 770 मतदाताओं में से 60459 मतदाताओं (66.61 फीसदी) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथों को चार क्लस्टर और 13 सेक्टर में विभाजित किया गया था। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रताप मिंज ने बताया कि क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं (2081) ने अधिक मतदान किया। सबसे अधिक मतदान टिकरा टोली स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या में 215 में 88.56 फीसदी और सबसे कम वोट राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेड़ो के बूथ संख्या 234 में 49.83 व 235 में 49.08 रहा। सोमवार को साप्ताहिक बाजार होते के बावजूद प्रखंड में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। सुबह छह बजे ही मतदाता मतदान के





लोहरदगा के प्रखंडों के अलग-अलग बूथों पर मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता।

लिए कतार में लगने लगे थे। चिलचिलाती धूप के बावजूद मतदाता कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वहीं, 10 स्थानो में इवीएम, वीवीपैट मशीन में खराबी आई थी, जिसे इवीएम एक्सपर्ट सुनील कुमार, राकेश कुमार व मुकेश कुमार ने तत्काल ठीक कर मतदान कराया गया। वहीं बेड़ो में जोनल मजिस्ट्रेट प्रणव अम्बष्ट व वाल्टर कुजूर बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज दिनभर चुनाव कार्य का निरीक्षण करते रहे। प्रखंड के बुजूर्ग व दिव्यांग मतदाताओं में भी उत्साह देखा। प्रखंड के बूथ नंबर 230, 250, 252, 274, 291 व 294 में शाम छह बजे भी मतदाता मतदान के लिए कतार में लगे रहे। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई थी। इधर चुनाव को लेकर विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी ने मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। दूसरी ओर, लोहरदगा लोकसभा अंतर्गत **चान्हो प्रखंड** क्षेत्र में भी चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। चान्हो में 68.37 और मांडर में 68.12 फीसदी मतदान हुआ। यहां भी पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बूथ केंद्रों में सुरक्षा के कड़ी बंदोबस्त किये गए थे। दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए ट्राई साइकिल की सहायत से वालंटियर के माध्यम से मतदान कराया गया। मतदान को लेकर मांडर में 112 बूथ केंद्र बनाया गया था। वहीं, चान्हो में कुल 98 बूथ केंद्र बनाया गया था। वहीं, **इटकी प्रखंड** के सभी 49 बूथों पर सोमवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। यहां सबसे ज्यादा 71.67 फीसदी मतदान हुआ। सुबह नौ बजे तक 14.66 फीसदी मतदान हुआ था, जो अपराह्न तीन बजे तक 62.75 फीसदी पहुंच गया। पांच बजे तक 40,0251 मतदाताओं में 29,290 हजार मतदाताआं ने अपना मत का प्रयोग किया। वहीं, प्रशासन की ओर से चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किया गया था। शांति पूर्ण महौल में मतदान कराने के लिए प्रखण्ड को चार जोन में बाटा गया था। सीओ विजय कुमार, बीडीओ शशि निलिमा डंगडुग कैंप कर स्थिति पर नजर रखे हुए थे। नौ मजिस्ट्रेट, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, सुरक्षा को लेकर दो कंपनी सैफ के जवान, भारी संख्या ग्रामीण पुलिस मुस्तैद थे। करीब 94 वर्ष के मसीह चरण लकड़ा डंडे के सहारे पैदल चलकर वोट डालने पहुंचे थे। कई मतदाता व्हीलचेयर पर आकर अपना मतदान किया।



## लापुंग में 62.27 फीसदी हुआ मतदान

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लापुंग प्रखंड में सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान कुल 62.27 फीसदी मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान बूथ नंबर 401 लालगंज में 77.77 फीसदी और सबसे कम मतदान बूथ नंबर 368 शकरपुर पर 48.62 फीसदी हुआ। जिसमें महिला-पुरुषों के अलाव नये मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

## बुनियादी सुविधाओं के अभाव से नाराजगी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा केंद्र के मांडर विधानसभा स्थित बूथ संख्या 181 राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय जाहेर पूर्वी भाग के मतदान संपन्न कराने पहुंचे पदाधिकारी एवं कर्मियों को बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलने से अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। हद तो तब हो गई जब कमरे में विषैला सांप निकल गया। आनन-फानन में मतदान पदाधिकारी एवं कर्मी डॉ अमरेंद्र कुमार, आनंद लोहरा, कृष्णा महतो, समसाइन भुइया और उमेश कुमार मछुवा भागकर अपनी जान बचाई। अधिकारियों ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताई है।

# रामटहल चौधरी ने किया भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** लोकसभा चुनाव को लेकर टाटीसिलवे चौक के समीप भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन खिजरी के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर मजबूती के साथ खड़ा हुआ है। मोदी के प्रति देशवासियों का विश्वास बढ़ा है। जिसके चलते भाजपा इस बार 400 पार के नारों के साथ चुनाव में उतरी है। देश के वोटर मिलकर 400 के आंकड़ों को पार करेंगे। मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में देश को शिखर तक ले जाने का कार्य किया है। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, सिलवे मुखिया नूतन पहान, मंडल प्रभारी मनोज चौधरी, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी, पूर्व ग्रामीण जिला महामंत्री राजन साहू, पूर्व कर्नल बीके सिंह, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, श्रीदाम सिंह मुंडा, विजय महतो, साईनाथ महतो, रामकृष्ण महतो, वीरेंद्र ओझा, केसी सिंह, विनोद अग्रवाल, रामचरण पहान, केडी शर्मा, राजेश मिश्रा, अरविंद सिंह, महेंद्र महतो, भुमदेव मिश्र, मनसा महतो, पुनित गोयल, ब्रजेश सिह के साथ एनडीए सहयोगी आजसू पार्टी के अनुपमा देवी, जितेंद्र सिंह, बीरबल बैठा, राजू नायक, नसीब लाल महतो, अमरनाथ चौधरी आदि उपस्थित थे।



## जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की अपील

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची सांसद सह एसडीए के भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ के पक्ष में सोमवार को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सिद्रोल तिवारी धर्म कांटा से टाटा रोड स्थित पेट्रोल पंप होते हुए सिंदवार टोली तक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर मनोज ने सभी ग्रामीणों से 25 मई को कमल निशान पर मतदान करने की अपील की। इस दौरान बिक्कू सिंह राजा साहब, शारदा देवी, ममता देवी, विकास सिंह, अरुण तिवारी, सरोज देवी, गणेश कुमार, कृष्णा गोप, कृष्णा कुमार, सुजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# रातू के लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

## 95.6 प्रतिशत अंक के साथ निखिल गोप स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सीबीएसई की 12वीं और 10वीं कक्षा के नतीजे सोमवार को प्रकाशित हुए। जिसमें लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के 10वीं से 110 व 12वीं के 51 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में निखिल कुमार गोप 95.6 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा। जबकि जीनत परवीन 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे और अभिनव दूबे 94 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान रहा। 10वीं में 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जबकि 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 38 रही। विद्यालय के छात्रों ने 12वीं में सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ ही अपने परिवार का गौरव बढ़ाया। अनमोल कुमार 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर रहा। वहीं, प्रभात कुमार 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और प्रियानी प्रिया ने 82.4 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। प्रिंसिपल अभिषेक हरित ने परिणाम पर संतोष जताते हुए कहा कि परिणाम और अच्छा हो सकता था। आने वाले साल में हमारे बच्चे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक इस बारे में हर कदम प्रयासरत रहते है। विद्यालय का सिद्धांत हैं कि परीक्षा फल का अवलोकन हो ताकि भविष्य का परीक्षा फल और अच्छा हो सके। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की।





## मांडर ऑक्सब्रिज स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में मांडर के बच्चों ऑक्सब्रिज स्कूल ने शानदार प्रदर्शन किया। सोमवार को जारी 10वीं की परीक्षा में शामिल 169 बच्चों में से 10 ने 90 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त किए। जबकि 141 प्रथम एवं 23 द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुए। विद्यालय के आनंद भगत 95.4 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर रहे. जबकि किंशुक किशलय 94 पीसदी अंक लाकर दूसरा और रीवा कुमारी 93.4 फीसदी अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। किंशुक किशलय समाज अध्ययन में 99 , आनंद भगत और अमृता तिग्गा कंप्यूटर में 97, रिद्धि कुमारी, आनंद भगत और श्रीकांत कुमार अंग्रेजी में 95, किंशुक किशलय गणित में 97 अंक प्राप्त किया है।

### जोन्हा में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा अंतर्गत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के जोन्हा में सोमवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के लुंड्रा विधानसभा के विधायक प्रबोध मिंज, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ,विधानसभा प्रभारी राकेश भास्कर एवं सह प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी तैयारी पर चर्चा किया। वहीं, कार्यकर्ताओं को रांची लोकसभा के प्रत्यासी संजय सेठ को प्रचंड बहुमत से जीताने को कहा। कार्यक्रम में सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, विस्तारक मनीष मेहता, रामसाय मुंडा,सोमरा उरांव, रामदास बेदिया, बसंत साहू, जगन्नाथ शाही समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पटना के युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हाहे गांव में सोमवार की दोपहर दोस्त के किराए के रूम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार (28) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के पटना जिले के सतवां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा कि उसका दोस्त हाहे में एक किराए का रूम लेकर अनगड़ा के एक शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर रहा है। मृतक रविवार की रात अपने दोस्त से मिलने आया था और रात में रूम में ही रुक गया। सोमवार की सुबह फांसी लगा ली।

**आइएनडीआइ गठबंधन प्रत्यासी यशस्विनी सहाय की जीत का लिया संकल्प**

# केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल सत्ता से बेदखल करना जरूरी : बेलस तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधानसभा अंतर्गत पुरनापानी अनगड़ा के समीप सोमवार को कांग्रेस की एक चुनावी सभा हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश सचिव बेलस तिर्की भी शामिल हुए। सभा में आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच जीत की रणनीति पर चर्चा की गई। संचालन प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना मुण्डा ने किया। मौके पर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए बेलस तिर्की ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने 10 वर्षों के



शासन काल में हर मोर्चे पर विफल रही है। देश में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन मुद्दों पर बात नहीं कर सिर्फ जुमलेबाजी से देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को भाजपा के झांसे में नहीं फसनें और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, झामुमो नेत्री सुशीला एक्का ने कहा कि आज केंद्र सरकार इडी के माध्यम से विपक्ष को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने मतदाताओं से 25 मई को हाथ छाप पर वोट देकर गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को भारी मतो से विजय बनाने की अपील की। जिला महासचिव श्रवण मुण्डा ने कांग्रेस की न्याय गारंटी योजना को बताते हुए गठबंधन की प्रत्यासी यशस्विनी सहाय को भारी समर्थन देने का आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन जगन लिण्डा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व ज़िला ग्रामीण महासचिव मुमताज खान, पूर्व जिला सचिव फारूक खान, ज़िला सचिव विश्राम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय खलखो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष बरतू मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना मुण्डा, प्रखण्ड महासचिव सह मिडिया प्रभारी मिनहाज आलम, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सफीक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि वन विभाग शेख सिद्दीक अंसारी, हुसैन अंसारी, राजदेव पाहन, पंचायत अध्यक्ष निर्मल करमाली आदि थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### सरस्वती विद्या मंदिर का रिजल्ट शत प्रतिशत दिव्यम दूबे 95.5 फीसदी के साथ स्कूल टॉपर



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं का रिजल्ट सोमवार को घोषित हुआ। जिसमें नगड़ी स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें दिव्यम दूबे 95.5 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा। वहीं, प्रवीण कुमार 93.2 फीसदी अंक लाया। अविनाश कुमार 90.6 फीसदी, हरीश प्रीतम 89 फीसदी और सूरज कुमार मिश्रा ने 87.6 फीसदी अंक प्राप्त किया। विद्यालय के अधिकतर विद्यार्थियों का अंक 80 फीसदी से उपर रहा। विद्यालय के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, सचिव डी एन सिंह, कोषाध्यक्ष भारत अग्रवाल प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी आदि ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कहा कि आप सभी भैया-बहन इसी प्रकार निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़े, परीक्षा में उच्चतम परिणाम आना बहुत हर्ष का विषय है।

### डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 40 बच्चों में से 38 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि दो बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शाक्षी कुमारी गोप 93 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। जबकि आकृति गुप्ता और हाजरा परवीन ने 88 फीसदी अंक लाकर दूसरा और रिया कुमारी ने 87 फीसदी अंक लाकर तीसरे स्थान हासिल किया। जुनी परवीन 82 फीसदी, दिव्यांशु कुमार और श्रृष्टि साहू 81 फीसदी और जारा परवीन ने 80 फीसदी अंक प्राप्त किया। बाकी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने सभी बच्चों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कहा कि यह स्कूल का तीसरा बैच है। जिसने कक्षा 10वीं की परीक्षा दी। 10वीं की परीक्षा बच्चों के जीवन का पहला पड़ाव है। जिसे इन्होंने पार कर लिया है। आगे की पढ़ाई इनके भविष्य निर्धारण करेगा। इसीलिए बच्चे सोच समझ कर पढ़ाई का चुनाव करें और नई सफलताओं को प्राप्त कर अपने माता पिता, स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें।

### नगड़ी में विधायक नवीन जायसवाल ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के मेन रोड में रविवार को भाजपा द्वारा चुनावी कार्यालय खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर विधायक नवीन जायसवाल ने किया। मौके पर उन्होंने कहा भाजपा के कार्यकर्ता गांव टोलों में जाकर पार्टी के निति सिद्धांतो से आम लोगों को अवगत कराएं और भाजपा के इमानदार और कर्मठ उम्मीदवार संजय सेठ को ही वोट देने की अपील करें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, कुणाल शाहदेव,चुडामणी महतो, दौलत राम केशरी, राकेश केशरी, अरविंद केशरी, गिरधारी गोप सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बोरिंग गाड़ी दुर्घटना में रविवार को दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। अनगड़ा प्रखंड के सुदूर नवागढ़ पंचायत के हरड़ा बेड़ा ओवर के निवासी प्रमुख बेदिया, जिनके पांच छोटे छोटे बच्चे हैं तथा घसीराम बेदिया, जिनकी अभी शादी भी नही हुई थी, के घर जाकर भाजपा नेताओं ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी एवं हर तरह से मदद करने को कहा। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, सत्यदेव मुंडा, बुधराम बेदिया, नागेसर महतो, वार्ड सदस्य एतवा बेदिया, करम देव बेदिया, पंचम भोगता आदि उपस्थित रहे।

### नीरजा सहाय डीएवी 10वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**कांके/पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ की परीक्षा का फल सोमवार को प्रकाशित हुआ। जिसमें नीरजा सहाय डीएवी के 10वीं में प्रकृति कुमारी ने 97.4 फीसदी अंक के साथ टॉप किया। जबकि श्वेता कुमारी 95.6 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय और प्रिया कुमारी 95 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्या किरण यादव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में इसी तरह सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। वहीं, विज्ञान विभाग में प्रिंस सिंह 93.2 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, मंतशा आफरीन 92.8 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय एवं तहरीन फातिमा 92.4 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मो अर्श अफताब 92 फीसदी, नवल तन्वीर एवं शबन रिजवी 90.6 फीसदी अंकों के साथ अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। वाणिज्य विभाग में साकिब अंसारी ने 95.2 फीसदी अंकों के साथ प्रथम और भूमि कुमारी 93 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय, जबकि टिया शर्मा और आकृति मिश्रा 92.2 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

### सड़क दुर्घटना में बहन की मौत, मां-बेटा घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पांडेपारा गांव के समीप बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर सोमवार की सुबह 10.30 बजे स्कूटी के अनियंत्रित होकर गिरने से उस पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राह से गुजर रहे एक एम्बुलेंस चालक राम लोहरा ने घायलों को बेड़ो समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहॉ डा मेघा भगत ने जांच के बाद घायल महिला विनिता खाखा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल सुबोध खाखा (35) और इसकी मां लुदी खाखा (70) को बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, खबर पाकर बेड़ो के एस आई रोशन कुमार मौके पर पहुंच गए।

